हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 30 दिसंबर 2025

12 अरावली बचाने के लिए कांग्रेस ने निकाला विरोध मार्च




12 एचटेट परीक्षा परिणाम में प्रदेश का सबसे बड़ा घोटाला...



सरकारी अस्पताल आने वाले मरीजों को नहीं मिल रही समुचित चिकित्सा सुविधाएं मरीजों को हो रही परेशानी

# ट्रामा सेंटर में तत्काल अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं, महिला के पेट में दर्द, तीन हफ्ते बाद आज अल्ट्रासाउंड होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला नागरिक अस्पताल के साथ ही ट्रामा सेंटर खोला गया है, जहां आने वाले आपातकालीन मरीजों की सेवा में चिकित्सक एवं स्टॉफ तत्पर रहने के नियम बनाए गए हैं, लेकिन कमाल की बात है कि यहां ट्रामा सेंटर तो बना है, लेकिन इसमें तत्काल अल्ट्रासाउंड कराने तक की सुविधा नहीं है। चाहे मरीज की स्थिति कितनी ही आपातकालीन क्यों न हो, उसे यहां का अल्ट्रासाउंड स्टॉफ लंबी-लंबी तारीखें ही दे रहा है। इससे लोगों में स्वास्थ्य विभाग के प्रति रोष है तथा उन्होंने चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि आपात सेवाओं के जिला नागरिक अस्पताल के साथ ही सरकार ने ट्रामा सेंटर खोल दिया है, जिसका उद्घाटन हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी गत दिनों कर चुके हैं। जब यह ट्रामा सेंटर खोला गया, तब यहां न्यूरो डाक्टर से लेकर आधुनिक आपात सेवाएं समुचित अवस्था में 24 घंटे उपलब्ध रहने का स्वास्थ्य विभाग की ओर से किया गया था, लेकिन इसकी स्थापना के कुछ समय बाद ही इसकी हकीकत सामने आने लगी है। न तो अब तक ट्रामा को न्यूरो सर्जन मिला है और न ही अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक। जिस कारण यहां आने वाले मरीजों को निराशा का सामना करना पड़ रहा है। कमाल की बात है कि ट्रामा सेंटर आने वाले मरीजों को तत्काल प्रभाव से जरूरत होने के बावजूद अल्ट्रासाउंड सुविधा नहीं मिल पा रही है।

श्री बांके बिहारी सेवा समिति नारनौल के प्रधान अविनाश अग्रवाल ने बताया कि आज उसकी धर्मपत्नी राधारानी को पेट में बहुत तेज दर्द हो रहा था। इसलिए वह उसको लेकर सिविल हॉस्पिटल गया। वहां पर डॉक्टरों ने उसको दर्द का इंजेक्शन लगा दिया और डॉक्टर बोला कि अल्ट्रासाउंड करवा लो। इसके लिए वह उसको लेकर अल्ट्रासाउंड करवाने पहुंचा तो वहां पर सिविल हॉस्पिटल के स्टाफ ने उसकी पर्ची में 21 जनवरी 2026 की डेट लिख दी। बार-बार रिक्वेस्ट में की तथा उन्हें बताया कि एमरजेंसी है। उसका अल्ट्रासाउंड कर दें, लेकिन फिर भी मना कर दिया। 30 दिसंबर को होगा। अग्रवाल ने बताया कि नारनौल हॉस्पिटल को ट्रामा सेंटर का भी दर्जा मिल चुका है, लेकिन सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। ट्रामा सेंटर का मतलब क्या होता है, जब एमरजेंसी में अल्ट्रासाउंड की सुविधा तक नहीं। एमरजेंसी में 24 घंटे पेशेंट आते है और उनका इलाज भी करना होता है। उनका अल्ट्रासाउंड बाहर भी करवाना कहां तक न्यायोचित है।

### यह कहते हैं कार्यवाहक एमएस

आजकल एमएस डा. आशा शर्मा मेडिकल लिव पर हैं। ऐसे में डा. धर्मेंद्र सांगवान से यह काम करवाया जा रहा है। डा. आशा शर्मा एक जनवरी को अस्पताल ज्वाइन कर लेंगी, तब तक ही यह दिक्कत है। अन्यथा रेगुलर तौर पर अल्ट्रासाउंड किए जाते रहे हैं। वैसे हमने जरूरत के हिसाब से और अल्ट्रासाउंड विशेषज्ञ भी मांग रखे हैं, जैसे ही मिलेंगे, यह समस्या खत्म हो जाएगी।

-डा. कंवर सिंह चौहान, कार्यवाहक एमएस नागरिक अस्पताल नारनौल




### अल्ट्रासाउंड विशेषज्ञ की है कमी

अस्पताल में लंबे समय से अल्ट्रासाउंड विशेष डाक्टर की कमी रही है। पिछले दिनों तक नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड का कार्य डा. धर्मेंद्र सांगवान संभालते थे, लेकिन उनकी ट्रांसफर नारनौल से अटेली कर दी गई। अटेली में स्वास्थ्य मंत्री के प्रयासों से आधुनिक कलर अल्ट्रासाउंड मशीन मिली हुई है, जिसे अब वह डा. सांगवान संचालित करते हैं। नागरिक अस्पताल नारनौल की एमएस डा. आशा शर्मा भी अल्ट्रासाउंड विशेषज्ञ हैं, लेकिन वह मेडिकल लिव पर हैं। ऐसे में डा. सांगवान से काम चलवाया जा रहा है। कभी यहां तो कभी अटेली। आजकल अल्ट्रासाउंड केस खास महिलाओं के केस ज्यादा आ रहे हैं, जिस कारण अल्ट्रासाउंड केंद्र पर अक्सर भीड़ ही देखने को मिलती है। इस कारण वहां का स्टाफ मरीजों को तत्काल सेवा उपलब्ध कराने की बजाए तारीखें देने में लगा हुआ है।

## खबर संक्षेप

### रात्रि ठहराव कार्यक्रम नियामतपुर में आज

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार आमजन को घर द्वार पर ही सरकार की योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से प्रत्येक माह लगाए जा रहे रात्रि ठहराव कार्यक्रम की कड़ी में जिला प्रशासन की ओर से 30 दिसंबर को खंड नांगल चौधरी के गांव नियामतपुर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नांगल चौधरी एसडीएम उदय सिंह ने बताया कि 30 दिसंबर को गांव नियामतपुर में उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार की अध्यक्षता में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाई जाएंगी।

### भूतपूर्व सैनिक विकास संघ की बैठक एक को

**महेंद्रगढ़।** नव वर्ष के दिन स्थानीय यादव धर्मशाला में तीनों सेनाओं थल, जल, वायु के संगठनों एवं अर्द्ध सैनिक कल्याण संघ द्वारा 11 बजे भूतपूर्व सैनिक विकास संघ प्रधान सूबेदार रामस्वरूप यादव की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। संघ उपाध्यक्ष कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि इस विशेष बैठक में मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव रहें, साथ ही प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। पूर्व सैनिक महेंद्रगढ़ शहर के विकास के लिए अपने सुझाव रखेंगे एवं अपनी समस्या के बारे में विधायक एवं प्रशासन अधिकारियों के समक्ष रखेंगे।

### केमला हनुमान मंदिर में भंडारा तीन को

**कनीना।** गांव कैमला स्थित हनुमान मंदिर में नववर्ष के उपलक्ष्य में तीन जनवरी को 17वें भंडारे का आयोजन किया जाएगा। धर्मपाल नम्बरदार ने बताया कि भंडारे से पूर्व दो जनवरी की रात्रि को जागरण होगा। उन्होंने बताया कि धनौंदा मार्ग पर स्थित हनुमान मंदिर के प्रति ग्रामीणों की अगाध आस्था है। उन्होंने बताया कि तीन जनवरी को सुबह नौ बजे हवन किया जाएगा।

जघन्य अपराधों व महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर लगा प्रभावी अंकुश

# अलविदा 2025: 10.6 फीसदी अपराध में गिरावट

साल 2024 में कुल 2891 एफआईआर दर्ज हुई, वहीं इस साल 2025 में घटकर 2585 रह गई। यह जिले के लोगों के लिए राहत की खबर है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

साल 2025 अंतिम पड़ाव पर है। नए साल आने में अब महज एक दिन का इंतजार है। ऐसे में अब हम साल 2025 में अपराध जगत के उतार चढ़ाव को मिलाकर देंखे तो बेहसर साल रहा है। बीते 2024 के मुकाबले 2025 में अपराध घटनाओं में 10.6 फीसदी कमी आई है। जहां साल 2024 में कुल 2891 एफआईआर दर्ज हुई, वहीं इस साल 2025 में घटकर 2585 रह गई। यह जिले के लोगों के लिए राहत की खबर है। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ का कहना है कि नये साल में भी अपराधियों के खिलाफ यह जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी।

### हत्या के मामलों में गिरावट

पुलिस की सख्ती का असर जघन्य अपराधों पर साफ दिखा है। हत्या के मामलों में पिछले वर्ष की तुलना में 36.4 प्रतिशत की कमी आई है। साल 2024 में 22 मामले बनाम 2025 में 14 मामले। साथ ही पुलिस ने हत्या के मामलों में 92.9 प्रतिशत का शानदार वर्कआउट रेट हासिल किया है।



### महिला सुरक्षा

महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ की ओर से जिले में हॉटस्पॉट चिन्हित कर उनपर सादे वस्त्रों में महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया व मनचलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। महिलाओं के अपहरण के मामलों में 64.0 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई है। दुष्कर्म के मामलों में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 100 प्रतिशत मामलों को सुलझाया है, जिससे अपराधियों में कानून का भय बना है। साधारण चोरी के मामलों में लगभग 29.7 प्रतिशत की कमी आई है, जो 232 से घटकर 163 मामले सामने आए।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई

पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार की माने तो एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद कर आरोपितों को सलाखों के पीछे भेजा है। जिले में नशे के कारोबार पर नकेल कसते हुए पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। इस दौरान पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 58 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें संलिप्त 99 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक की ओर से गठित विशेष टीमों ने इस वर्ष भारी मात्रा में नशीला पदार्थ जब्त कर तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त किया है। बरामद किए गए पदार्थों में 922 किलो 216 ग्राम डोडा पोस्त, 186 किलो 783 ग्राम गांजा, एक किलो 697 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) शामिल है। इसके अतिरिक्त पुलिस ने 500 ग्राम चरस/सुलफा, 71 ग्राम स्मैक, 16 ग्राम अफीम व 128 नशीले कैप्सूल की खेप बरामद की है। इसके अतिरिक्त पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ पीआईटी एनडीपीएस के तहत व प्रॉपर्टी अटैचमेंट की कार्रवाई भी की गई है। पुलिस की ओर से पीआईटी एनडीपीएस के तहत तीन नशा तस्करों पर कार्रवाई की गई है, जिन्हें एक साल के लिए नजरबंद कराया गया है, ये आरोपित लगातार नशा तस्करी में मामलों में संलिप्त थे। वहीं तीन नशा तस्करों की तीरन लाख 25 हजार रुपये की प्रॉपर्टी भी सीज कराई गई है।

### पुलिस ने 40 हजार से ज्यादा वाहनों काटे चालान

यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए भी पुलिस ने सख्त रूख अपनाया है। वर्षभर चले अभियानों में हजारों वाहनों के चालान किए गए और करोड़ों रुपये का जुर्माना लगाया गया, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने इस साल 40535 वाहनों के चालान काटे, जिन पर करीब छह करोड़ 85 लाख 75 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

### आर्म्स एक्ट

आर्म्स एक्ट के तहत भी पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई की है, आर्म्स एक्ट के 62 मामले दर्ज किए और 128 आरोपितों को गिरफ्तार किया, जिनसे 43 देसी पिस्टल, 31 देसी कट्टे, 120 जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

### जुआ अधिनियम

जुआ अधिनियम के तहत जुआ खेलने वालों के खिलाफ भी प्रभावी कार्रवाई की गई है, जिनमें 57 आरोपितों को गिरफ्तार कर एक लाख 61 हजार रुपये के करीब राशि बरामद की गई।

### पुलिस की कार्यकुशलता व जागरूकता अभियान

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने बताया कि केवल अपराध दर्ज करना ही नहीं, बल्कि उन्हें सुलझाना और अपराधियों को सजा दिलाना पुलिस का मुख्य ध्येय रहा है। जिले में दर्ज कुल मामलों में पुलिस का अरेस्ट रेट व वर्कआउट प्रतिशत संतोषजनक रहा है। साइबर अपराध व ठगों के खिलाफ भी पुलिस ने प्रभावशाली कार्रवाई की है। साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पाने के उद्देश्य से वर्ष 2025 में पुलिस के व्यापक और सख्त अभियान के उत्साहजनक परिणाम सामने आए हैं। साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए साइबर पुलिस की टीम ने तत्परता दिखाई और ठगी गई राशि में से कुल 19943104 रुपये (लगभग दो करोड़) को अपराधियों के खातों में तुरंत फ्रीज करवाने में सफलता प्राप्त की। अपराधियों की धरपकड़ के लिए भी पुलिस ने विशेष टीमें गठित की, जिसके परिणामस्वरूप इस वर्ष कुल 95 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की यह कार्रवाई राज्य की सीमाओं तक सीमित नहीं रही, क्योंकि गिरफ्तार आरोपितों में से 49 हरियाणा राज्य के हैं, जबकि 46 अपराधी अन्य राज्यों से पकड़े गए हैं। पुलिस का मुख्य ध्येय पीड़ितों को उनकी मेहनत की कमाई वापस दिलाना रहा है। इसी प्रयास के तहत अदालती प्रक्रियाओं और सुपुर्दारी के माध्यम से अब तक पीड़ितों को कुल 11538729 रुपये की राशि वापस (रिलीज) करवाई जा चुकी है। इसके अलावा 228 शिकायतों में न्यायालय के माध्यम से लगभग 1.97 करोड़ रुपये के सुपुर्दारी आदेश भी जारी कराए गए हैं। साइबर ठगी के मामलों में पीड़ितों को राशि वापस दिलाने के साइबर पुलिस की ओर से निःशुल्क सुपुर्दारी की कार्रवाई कराई जाती है, इसमें पीड़ित को लॉयर करने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

# 6 करोड़ की लागत से नांगल चौधरी में बनेंगे 20 किमी लंबे पक्के टाइल रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

**खेत खलिहान योजना के तहत मिली मंजूरी, एक से दूसरे गांव को जोड़ने से किसानों को होगा फायदा**

मुख्यमंत्री हरियाणा ने नांगल चौधरी हल्के में लगभग छह करोड़ रुपये की लागत से 20 किलोमीटर लंबाई के रोड बनाने की स्वीकृति दी है। यह टायल की सड़कें सरकार की ओर से चलाई जा रही खेत खलिहान योजना के अंतर्गत बनाए जाएंगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य तीन करम और चार करम चौड़े खेतों के रास्तों को इंटरलॉकिंग टाइल्स के साथ बनाकर एक गांव से दूसरे गांव को जोड़ने के साथ ही किसानों के खेतों को भी पक्के रास्ते उपलब्ध करवाना है।

पूर्व सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने बताया कि नांगल चौधरी हल्के के रास्तों को पक्का करने के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री हरियाणा ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिनमें मुख्य रूप से बलाहा खुर्द से नावता राजस्थान बॉर्डर, बलाहा कलां से गणेशपुरा राजस्थान बॉर्डर, नायन की ढाणी चीमा से लालेड़ा जोहड़ तक का रास्ता, सिरोही बहाली स्कूल से अकबरपुर, रघुनाथपूरा से मक्सुसपुर, हमीदपुर से थाना, नांगल सोडा से ढाकोड़ा, ईकबालपुर नगली से शिमली व नेहरुनगर से शिमली, खातौली से कमानियां के अधूरे रास्तों को पूरा करना, सिरोही बहाली जालपोड़ा रोड से चैकमलिकपुर रोड का लिंक रास्ता, मौखुता से ढाणी टांटला, मूसनोता की ढाणी बूजापाछली से ढाणी साधां, मौरूंड में सत्यनारायण के घर से रामचन्द्र पूर्व सरपंच तक, नियमतपुर में गोठड़ी रोड से धाम, गोठड़ी रोड से ढाणी रामौतार, बामनवास नो पीडब्ल्यूडी रोड से राजस्थान बार्डर, रामबास से ठाठवाड़ी बार्डर, हसनपुर में पीडब्ल्यूडी रोड से रामसिंह, नांगल नूनिया पीडब्ल्यूडी रोड से बूस्टर आदि। सरकार की ओर से यह सभी मार्ग पंचायतों द्वारा तैयार प्रस्ताव पर स्वीकृत किए हैं।

# मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल, कनीना में शीघ्र बनेगा लेबर चौक

## नपा प्रशासन की ओर से मोलड़नाथ मंदिर के समीप साइट को किया चिन्हित

- मजदूरों के हितों ऊपर उठाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत : डॉ. रिम्पी लोढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

केंद्र व प्रदेश सरकार श्रमिकों के उत्थान को लेकर अतिसंवेदनशील है। सरकार की ओर से न केवल श्रमिकों के लिए घोषणाएं की जाती हैं, बल्कि उन्हें धरातल पर सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। मजदूरों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए सरकार लगातार प्रयत्नशील है। नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा व सचिव कपिल कुमार ने कहा कि सरकार मजदूरों को कन्यादान राशि, सिलाई मशीन, उनकी पढ़ने वाली बेटियों को ई स्कूटी, छात्रवृत्ति सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ दे रही है। मजदूरों के हितों को ऊपर उठाने के लिए कनीना में जल्द ही लेबर चौक का निर्माण किया जाएगा। जहां मजदूरों को बिजली, पानी, टॉयलेट तथा बैठने की सुविधा उपलब्ध होंगी।

उन्होंने बताया कि कनीना में लेबर चौक का निर्माण करीब 700 से 900 वर्ग फुट जगह में मोलड़नाथ मंदिर के समीप के समीप किया जाएगा। जिसका एस्टीमेट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है। बजट अलॉट होते ही कार्य पूरा कर लिया जाएगा। लेबर चौक की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से घोषणा की गई थी। श्रम विभाग के प्रधान सचिव की ओर से बीती 12 दिसंबर को नगर पालिका को भेजे गए पत्र के मुताबिक शीघ्र ही जिले में लेबर चौक स्थापित किया जाएगा। लेबर चौक की स्थापना होने से मजदूरों को कहीं भटकने की जरूरत नहीं होगी और एक निश्चित स्थान पर उनकी उपलब्धता होगी।



इस बारे में डीएमसी रणबीर सिंह ने कहा कि सरकार मजदूरों को नई पहचान देने के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। अनेक कल्याणकारी स्कीमों का लाभ मजदूरों को मिल रहा है। कनीना में लेबर चौक बनने के बाद मजदूरों को एक स्थान पर एकत्रित होने का ठिकाना मिलेगा। जहां उनके लिए रोजमर्रा की सुविधाएं भी मुहैया होगी।

# टीसी प्रकाश स्मृति सम्मान समारोह दो जनवरी को



**नारनौल।** शेखावाटी के प्रसिद्ध साहित्यकार लेखक पत्रकार स्व. टीसी प्रकाश की 93वीं जयंती के अवसर पर खेल मैदान बस स्टैंड शिमला पर टीसी प्रकाश स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन दो को 11 बजे किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व ऊर्जा मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह होंगे। अध्यक्षता हरित ऋषि डॉ. हरिसिंह गोदारा करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि डॉ. एलसी जोशी, डॉ. मनोज कुमार गर्ग, डॉ. संदीप नेहरा, डॉ. रहिस यादव, डॉ. अमित मेहरडा, डॉ. उमेश गुप्ता, बृजमोहन शर्मा हैदराबाद, डॉ. पूर्णमल सुरोलिया, डॉ. अंबिका दत्त कौशिक, लालचंद मीणा, सूचना जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सैनी, डॉ. हिमांशु उपाध्याय, डॉ. उमराव सिंह यादव, डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता, राव ईश्वर सिंह, जिला परिवहन अधिकारी रमेश यादव, विकास अधिकारी डॉ. दारासिंह बुहाना, प्रधान हरिकिशन यादव, सिंघाना नगर पालिका अध्यक्ष विजय पांडे, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष शकुंतला यादव, शिमला सरपंच रीना देवी, दुधवा सरपंच मुंशीराम, ठाठवाडी सरपंच डॉ. किशोरीलाल यादव होंगे। समारोह में 251 प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा। समारोह में गेटवेल हॉस्पिटल के सौजन्य से निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा।

## सड़क हादसे में घायल किसान ने दम तोड़ा

**नारनौल।** गांव अमरपुर जोरासी क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रेवाड़ी जिला के गांव सुनारिया निवासी महेश कुमार ने थाना सदर में शिकायत दी है कि उनके पिता रामकिशन गत 21 दिसंबर को अपने निजी काम से गांव अमरपुर जोरासी अपने रिश्तेदार के यहां आए हुए थे। शाम करीब 6:30 बजे वह गांव जोरासी स्थित श्याम मंदिर से थोड़ा आगे घूमने के लिए गए, तभी किसी अज्ञात वाहन चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। परिजन उन्हें इलाज के लिए नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। गंभीर चोटों के कारण डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद रामकिशन को पीजीआईएमएस रोहतक में भर्ती कराया गया। जहां 28 दिसंबर को इलाज के दौरान उनकी हालत बिगड़ गई और बाद में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**मौसम** उत्तरी बर्फीली सर्द हवाओं से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में ठंड ने किए तेवर तीखे

बारिश की गतिविधियों से होगा नया साल जनवरी महीने की शुरुआत व स्वागत

# जिले में सूखी ठंड व शीतलहर, कुछ स्थानों पर जमा पाला, पार चार डिग्री पर आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा एनसीआर दिल्ली में ठंड ने अपने तेवरों को प्रचंड बनाना शुरू कर दिया है, लगातार रात्रि पारा लुढ़क रहा है। सम्पूर्ण राज्य में हाड़कंपा देने वाली ठंड के दो रूप देखने को मिल रहें। एक तरफ उत्तरी पूर्वी हिस्सों में धुंध कोहरा व कोल्ड डे अपने तेवरों को दिखा रही है। वहीं दूसरी तरफ पश्चिमी व दक्षिणी हिस्सों में कोल्ड वेब व पाला जमने की गतिविधियां सितम ढा रही है।

कुल मिलाकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में हाड़कंपा देने वाली ठंड अपने तेवरों को प्रचंड बना रही हैं। हिमालय की हिमाच्छादित शिखरों से सीधी उत्तरी बर्फिली सर्द हवाओं से सम्पूर्ण मैदानी इलाकों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में ठंड अपने तीखे तेवरों से आगाज किए हुए हैं। पिछली मौसम प्रणाली से वातावरण में नमी व शांत हवाओं से आधे हरियाणा में धुंध कोहरा और दिन के तापमान में गिरावट, जबकि रात के तापमान में हल्की बढ़त दर्ज की जा रही है।

बता दें कि पिछले दो महीनों से आमतौर पर मौसम शुष्क बना हुआ है, बीच-बीच में कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से केवल आंशिक, हालांकि इस साल दिसंबर की विदाई शुष्क व बिना बारिश के हो रही हैं, लेकिन नया साल जनवरी महीने की शुरुआत व स्वागत बारिश की गतिविधियों से होगा, क्योंकि 31 दिसम्बर को एक नया मध्यम श्रेणी का पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से एक चक्रवातीय सर्कुलेशन दक्षिणी पंजाब व उत्तरी राजस्थान पर बनने से अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी पहुंचने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम में बदलाव तथा 31 दिसम्बर से दो जनवरी के दौरान हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना बन रही है। पंजाब से सटे हरियाणा के सभी जिलों में तेज से मध्यम, जबकि मध्यवर्ती हरियाणा एनसीआर दिल्ली में हल्की से मध्यम बारिश तथा दक्षिणी हिस्सों में हल्की बारिश से बूंदाबांदी की प्रबल संभावना बनती नजर आ रही है। एक दो स्थानों स्थानों पर तीव्र गति से हवाओं के साथ छिट-पुट ओलावृष्टि को नकारा नहीं जा सकता है। जैसे ही दो जनवरी रात को पश्चिमी प्रणाली आगे निकल जाएगी, वैसे ही उत्तरी बर्फिली सर्द हवाएं चलने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन और रात के तापमान में भारी गिरावट से शीतलहर, पाला जमने की स्थिति, शीत दिवस अपने तेवरों को प्रचंड बनाएगी।

### तापमान सामान्य नीचे दर्ज

*मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन के तापमान सिंगल डिजिट में बने हुए हैं। सबसे ज्यादा ठंडी रात हिसार की रही। इस सीजन का सबसे कम रात्रि तापमान 2.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा सम्पूर्ण हरियाणा एनसीआर दिल्ली में दिन के तापमान भी सामान्य से नीचे बने हुए हैं, जबकि जिला महेंद्रगढ़ में नारनौल व महेंद्रगढ़ के दिन और रात के तापमान क्रमशः 17.5, 4.0 डिग्री सेल्सियस और 4.5, 19.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिले पर सुबह के समय सूखी ठंड शीतलहर व कुछ स्थानों पाला जमने की स्थिति देखने को मिली।*

## खबर संक्षेप



### नशे पर अंकुश लगाने के लिए किया प्रेरित

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नशा मुक्ति कार्यक्रम को लेकर अभियान चलाया गया। जिसमें विद्यालय प्राचार्या संतोष भाकर द्वारा लीगल लिट्रेसी क्लब के नॉडल अधिकारी राजेन्द्र कुमार के सहयोग से विद्यार्थियों व शिक्षकों को जागरूक करते हुए बताया कि नशा नास की जड़ है इसलिए इस पर अंकुश लगाना है और जो भी इसका सेवन करता हो उसे समझाना है। यदि वह अपनी हरकतों से बाज न आए तो उसकी हरकत को शिक्षकों को बताना है ताकि उसकी बढ़ती लत पर काबू पाया जा सके। वहीं सभी विद्यार्थियों ने भी इस पर अमल करके सभी को प्रेरित करने की हामी भरी।

### मंत्री श्रुति चौधरी देंगी विकास कार्यों की सौगात

**तोशाम।** महिला एवं बाल विकास और सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी 30 दिसंबर मंगलवार को तोशामवासियों को करोड़ों रुपयों के विकास कार्यों की सौगात देंगी। उनके निजी सचिव से मिली जानकारी के अनुसार केबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी तोशाम में दोपहर 12.30 बजे बूस्टिंग स्टेशन, बीपीएल कॉलोनी व स्टॉर्म वाटर प्रोजेक्ट, तोशाम का शिलान्यास और जल आपूर्ति योजना के विस्तार का उद्घाटन करेंगी। तत्पश्चात श्रुति चौधरी पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनता की शिकायतें सुन कर अधिकारियों को दिशा निर्देश देंगी।

### स्वयंसेवकों को साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

**भिवानी।** गांव बामला स्थित वीर शहीद नायक शीशपाल सिंह राजकीय वमा विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के दूसरे दिन सोमवार को स्वयंसेवकों को सामाजिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस शिविर का आयोजन विद्यालय के प्राचार्या सतेंद्र कुमारी और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शिविर के मुख्य सत्र में ट्रैफिक थाना भिवानी से सब-इंस्पेक्टर संजय सिंह और उनके स्टाफ ने शिरकत की। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों को सडक़ सुरक्षा और यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी।

### ठाकुर बीरसिंह की 19वीं पुण्यतिथि पर यज्ञ कल

**भिवानी।** हरियाणा सरकार में पूर्व में मंत्री रहे स्व. ठाकुर बीर सिंह की 19वीं पुण्यतिथि पर 31 दिसंबर को स्थानीय रोहतक गेट स्थित राजपूत धर्मशाला में प्रातः 10 बजे शांति यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए ठा. बीर सिंह मैमोरियल फाऊंडेशन के अध्यक्ष एवं ठा. बीर सिंह के पुत्र ठा. लाल सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व मंत्री स्व. ठाकुर बीर सिंह की पुण्यतिथि पर शांति यज्ञ एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शांति यज्ञ में शहर के 36 बिरादरी के गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे।



### बच्चों को वितरित की सहपाठ्य सामग्री

**चरखी दादरी।** केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के निजी सचिव नवीन कौशिक की अध्यक्षता में सर्वकल्याण मंच द्वारा लगातार सामाजिक कार्यों में सहभागिता की जा रही है। इसी कड़ी में राजकीय प्राथमिक विद्यालय बधवाना गेट तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला कबीर नगर में पहुंचकर विद्यार्थियों को सहपाठ्य सामग्री का वितरण किया। मंच के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी की अगुवाई व बतौर मुख्यतिथि नगर परिषद चेयरमैन बख्शीराम सैनी ने सहपाठ्य सामग्री वितरित की। उन्होंने बच्चों को सहपाठ्य सामग्री वितरित करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

*वार्षिक भंडारे एवं संत समागम में देशभर से पहुंचें साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद*

# देशभर से साधु-संतों एवं श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़ अर्धकुंभ मेले जैसा एहसास करवा रही थी, साधु-संतों का आशीर्वाद खोलता है मोक्ष का द्वार: डॉ. अशोक गिरि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** आयोजित हवन में आहुति डालते हुए। फोटो : हरिभूमि

सोमवार को परमहंस बाबा जहरगिरि दातार की पुण्यतिथि पर सिद्धपीठ बाबा जहरगिरि आश्रम में अर्धकुंभ मेले जैसा विहंगम दृश्य दिखा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हालुवास गेट स्थित सिद्धपीठ बाबा जहरगिरि आश्रम में वार्षिक भंडारे एवं संत समागम का आयोजन किया गया। इस दौरान देशभर से साधु-संत एवं श्रद्धालुगणों की भारी भीड़ अर्धकुंभ मेले जैसा एहसास करवा रही थी। आश्रम के पीठाधीश्वर व अंतर्राष्ट्रीय श्रीमहंत जूना अखाड़ा डॉ. अशोक गिरि महाराज ने बताया कि भंडारे से पहले सर्वप्रथम प्रभात पूजन के तहत प्रातः 08:15 बजे बाबा जहरगिरि दातार का अभिषेक, औषधीय स्नान, नवरत्न स्नान, श्री श्रृंगारम व बाल भोग प्रसाद किया गया। प्रातः 11:15 बजे श्री ललिता सहस्त्रनाम यज्ञ आरंभ किया गया जिसे श्रीमहंत अशोक गिरि ने पूर्णाहुति के साथ संपन्न करवाया। इसके बाद दोपहर 12:15 बजे से भंडारा कार्यक्रम की शुरूआत की गई। प्रत्येक महात्मा को गर्म कंबल, गर्म जैकेट, जुराब, टोपा व लोइ सहित दक्षिणा प्रदान की गई। भंडारे का संपूर्ण प्रसाद गंगाजल व शुद्ध देसी घी से बनाया गया। दोपहर सवा 12 बजे बाद शुरू हुआ भंडारा देर रात श्रद्धालुओं के आगमन तक जारी रहा। बाबा जहरगिरि महाराज को अर्पित किया 56 भोग का प्रसाद श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरि महाराज ने बताया कि बाबा जहरगिरि महाराज को 56 भोग का प्रसाद अर्पित किया गया। वार्षिक भंडारे में 1 लाख 41 हजार लीटर गंगाजल, देसी घी में बने लड्डूओ सहित गाजर का हलवा, पंच मेवा और गाय के शुद्ध देसी घी से 2100 किलोग्राम के दो पंचमेवा से बने लड्डू का प्रसाद लगाया गया।

#### दो पखवाड़े से की जा रही थी तैयारी

आश्रम के पीठाधीश्वर व अंतर्राष्ट्रीय श्रीमहंत जूना अखाड़ा डॉ. अशोक गिरि महाराज ने बताया कि हिंदू धर्म में साधु-संतों को विशेष सम्मान के तौर पर देखते हैं। किसी भी धार्मिक कार्य के अनुष्ठान में साधु-संतों का सम्मान बहुत महत्व रखता है। इसीलिए बाबा जहरगिरि महाराज की पुण्यतिथि पर देशभर के साधु-संत यहां पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि धर्म के अनुसार साधु-संतो का आशीर्वाद मोक्ष के द्वार खोलता है। गौरतलब है कि बाबा जहरगिरि महाराज की पुण्यतिथि पर बुधवार को आयोजित हुए कार्यक्रम की तैयारी दो पखवाड़े से की जा रही थी। एक तरफ जहां प्रसाद के लिए हरिद्वार से एक लाख 41 हजार लीटर गंगाजल मंगवाया गया तो वहीं दूसरी तरफ दर्इनों हलवाईयों ने जुटकर प्रसाद बनाया।

#### ये साधु-संत पहुंचें

भंडारे एवं संत समागम में विशेष रूप से जूना अखाड़ा के उपप्राचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी, श्रीमहंत रमन गिरि महाराज नई दिल्ली, रूद्रपुरी, संध्या गिरि, महामंडलेश्वर संगम गिरि, महामंडलेश्वर कर्णपुरी, महामंडलेश्वर सोमदेव गिरि हरिद्वार, भगवान गिरि मित्ताथल, स्वामी रामस्वरूप श्यामदा गद्दी राजस्थान, सुशील गिरि जूनागढ़ गुजरात, आकाश गिरि मध्यप्रदेश, हरिओम गिरि पंजाब, जसवंत गिरि कर्नाटक, निरंजन भारती बाड़मेर, बाबू गिरि जोधपुर, सहदेव गिरि केरला, स्वामी रघुनाथ गिरि बुढ़ा खेड़ा, पुष्कर गिरि अल्मोड़ा, कैलाश गिरि महाराज सहित अनेक साधु-संत व श्रद्धालु मौजूद रहे।

### जनशिकायतों के त्वरित निवारण के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मंत्री

# बैठक में नागरिकों की 14 शिकायतें रखी गईं

- मंत्री ने 6 मामलों का मौके पर ही निपटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी




चरखी दादरी । जिला लोकसंपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में जनशिकायतें सुनते कृषिमंत्री श्याम सिंह राणा।

सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने की।

बैठक में उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल, पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा, एसडीएम योगेश सैनी, जिला परिषद के सीईओ डॉ. विरेन्द्र सिंह, एसडीएम आशीष सांगवान सहित विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले के विभिन्न गांवों एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की कुल 14 शिकायतें रखी गई, जिनमें से 6 मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को आगामी सुनवाई के लिए रखा गया।

बैठक में लंबित शिकायतों में आदेश के अनुसार कार्यवाही हो जाती है तो उन्हें भी निवारण की श्रेणी में शामिल कर लिया जाएगा। बैठक के बाद कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्यामसिंह राणा ने कहा कि अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों की जांच में पारदर्शिता बनाए रखें व शिकायतकर्ता को हर चरण में शामिल किया जाए ताकि समाधान प्रभावी और संतोषजनक हो। कृषिमंत्री राणा ने कहा कि वर्तमान सरकार जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और समाधान करने को लेकर प्रतिबद्ध है। प्रत्येक माह ग्रीवेंस कमेटी की बैठक आयोजित की जाती है, जिसमें जनसमस्याओं पर सुनवाई की जाती है। प्रत्येक सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी आमजन के प्रति उत्तरदायी है और उन्हें सरकार की मंशा के अनुसार लोगों की भलाई के लिए ही कार्य करने हैं। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं तभी सार्थक होती हैं जब उनका लाभ सीधे अंतिम पंक्ति में खड़े सामान्य नागरिक तक पहुंचे। इसी बात को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग शिकायतों एवं समस्याओं को समयबद्ध निवारण सुनिश्चित करें। बैठक में कबीर नगर निवासी जयसिंह की शिकायत पर मंत्री राणा ने ग्राम पंचायत के सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर हमलावारों के गिरफ्तारी के निर्देश दिए। वहीं वार्ड नम्बर 4 निवासी भोलीराम की शिकायत पर एसपी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। ढ़ाणी फौगाट निवासी नवीन की शिकायत पर कैबिनेट मंत्री ने दादरी एसडीएम की अध्यक्षता में जांच कमेटी के निर्देश दिए, ताकि आगामी कार्रवाई की जा सके।

#### संवाद का माध्यम

अचीना निवासी बिरेंद्र की शिकायत पर बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता को एक सप्ताह में समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिवेदना समिति की बैठक सरकार व नागरिकों के बीच सुगम संवाद का माध्यम हैं आमजन अपनी बात सीधे शासन-प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को मंच पर निसंकोच रखें और प्रशासन को उनका समाधान करने का अवसर दें।

# भगवान श्री कृष्ण की लीलाएं प्रस्तुत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम



**तोशाम ।** स्कूल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुती देते हुए।

विद्याशिल्प स्मार्ट स्कूल तथा आई प्ले आई लर्न स्कूल का संयुक्त रूप से शनिवार व रविवार देर रात्रि राश गोविंदम नामक दो दिवसीय रंगारंग वार्षिक महोत्सव आयोजित हुआ। इस दौरान संपूर्ण कार्यक्रम कृष्ण जीवन लीला से संबंधित दृश्य के साथ प्रस्तुत किया गया जिससे उपस्थित लोगों को विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न कृष्ण लीलाओं का जीवंत दृश्य देखने को मिला। समारोह के दौरान स्कूली बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का जो दृश्य प्रस्तुत किया उससे उपस्थित लोगों को विभिन्न संदेश मिले तथा विद्यालय के वार्षिक महोत्सव में भगवान श्री कृष्ण की मनमोहक लीलाओं को देखकर उपस्थित सभी व्यक्ति अचंभित थे। इस दौरान विद्यालय के अध्यक्ष संतलाल महता तथा पुनीत महता व कुणाल महता ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि तोशाम के विद्या शिल्प स्मार्ट स्कूल तथा आई प्ले आई लर्न स्कूल ने संयुक्त रूप से आयोजित राश गोविंदम नामक वार्षिक महोत्सव में स्कूली बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण की माखन चोर लीला, कालिया नाग मर्दन लीला, पूतना वध, इंद्रमान भंग, गिरिराज पूजा, कंस वध, रासलीला, अर्जुन को गीता का उपदेश आदि सहित विभिन्न कृष्ण लीलाओं का जीवंत प्रदर्शन कर दर्शकों का मनमोह लिया।

#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

*इस मौके पर विद्यालय प्राचार्या कंचन बिश्नोई, मैथ्यूज, नीलम मैथ्यूज, डॉ. सुनीता, सिंपी आहूजा, योगेश कौशिक, बाबा मुंगीपा विद्यापीठ विद्यालय बुशान के सीईओ नरेश जांगड़ा, हिसार से दिवाकर तिवारी, मास्टर अश्विनी महता, तोशाम गौशाला के प्रधान सतपाल दूहन, सुमन महता, योगिता बाला, भाजपा नेता सुरेश लाठर, भुवनेश महता, शैंकी पोपली, राहुल आदि सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।*

### एचडी स्कूल में ओलम्पियाड के विजेताओं को सम्मानित किया



**चरखी दादरी ।** बिरोहड़ स्थित एचडी स्कूल में हिंदी ओलम्पियाड के विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक बलराज फौगाट ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भावाभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम और विशेष अपनेपन की प्रतीक है, जो भारतवासियों के हृदय में बसी हुई है। उन्होंने हिंदी के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषाओं को भी सम्मान देने पर बल दिया। विशेष रूप से उन्होंने हरियाणवी भाषा को मान्यता देने का आग्रह करते हुए कहा कि मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषाएं हमारी संस्कृति और पहचान की मजबूत आधारशिला हैं। उन्होंने "निज भाषा उन्नति है , सब उन्नति को मूल" पंक्ति की सत्यता को स्वीकार करते हुए विद्यार्थियों से अपनी भाषा पर गर्व करने का संदेश दिया। विद्यालय की प्राचार्या नमितादास और उपप्राचार्य नवीन सनसनवाल ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों में भाषा के प्रति रुचि, समझ और आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं। परीक्षा संयोजक हरिओम शास्त्री ने ओलम्पियाड के उद्देश्य और प्रक्रिया की जानकारी दी। समारोह के अंत में विजेता विद्यार्थियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया और सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नगराधीश ने सुनीं शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए।

लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में समाधान शिविर आयोजित हुआ, जिसमें नगराधीश अनिल कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान रूद्रा कॉलोनी वासियों ने अपनी समस्या रखते हुए कहा कि उन्होंने करीब 40 साल पहले यहां पर प्लाट खरीदे थे, जिनका अभी तक इंतकाल नहीं हुआ है तथा जमीन के मालिक बिक्री किए प्लाटों को फर्जी ढंग से दोबारा से बेच रहे हैं।

इस पर नगराधीश ने कहा कि इस मामले की जांच करवाई जाएगी, यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाएगी। वहीं दूसरी ओर समाधान शिविर में पूर्व पार्षद ईश्वर मान ने घंटा घर चौक पर ग्रील लगाने का कार्य शुरु होने पर जिला प्रशासन का आभार जताया।

समाधान शिविर में नगराधीश ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनसमस्याओं का समाधान त्वरित करें। इस दौरान सीटीएम अनिल कुमार के समक्ष सुनील वर्मा नंबरदार ने निजी अस्पतालों की कैंटीन की खाद्य सामग्री में मिलावट की जांच करवाने, योगेंद्र ने राशन कार्ड व आयुष कार्ड बनवाने, लीलाराम ने गली ठीक करवाने, बलवान सिंह ने सीवर का ढ़क्कन लगवाने बारे, इन्द्र सिंह ने जमीनी विवाद सुलझाने बारे, मंजू देवी की निरस्त बीमा पॉलिसी को चलवाने बारे, मनीष ने न्यू हाउसिग बोर्ड सेक्टर-13 में झूले लगवाने बारे, सुमन ने पीपीपी में इनकम कम करवाने बारे शिकायत रखी।

### सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन लगाया रक्तदान शिविर



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना "एनएसएस" इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के दूसरे दिन कार्यक्रम अधिकारी नवीन कुमार द्वारा विद्यालय प्राचार्या संतोष भाकर के नेतृत्व में निःशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी बालकिशन यादव, नपा प्रधान सुंदर अत्री विशिष्ट अतिथियों में पूर्व नपा पार्षद गजेन्द्र कौशिक, मनीष शंकर, नवीन कौशिक, अनु अत्री ने शिरकत की। मंच संचालन डॉ. नवीन परमहंस ने किया। कार्यक्रम में सत्यवान यादव, नवीन काजल, दीपाली, गीता ने अहम भूमिका अदा की। शिविर में 25 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। उपस्थितजनों ने उन्हें बैज लगाए। मुख्याअतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी बालकिशन यादव ने बताया कि विद्यालय स्टाफ की अनूठी पहल है ।

### बाबा कृपानाथ स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह



**भिवानी ।** गांव मंढ़ाणा स्थित बाबा कृपानाथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। स्कूल प्रांगण में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक छटा बिखेरी और मेधावी छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। समारोह में मुख्यतिथि के रूप में बाबा कृपानाथ डेरा प्रमुख राकेश नाथ एवं मुरली गिरी ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत करते हुए स्कूल प्रबंधन ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किए। समारोह का मुख्य आकर्षण स्कूल के वे पूर्व छात्र रहे, जिन्होंने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गांव का नाम रोशन किया, जिनमें लेफ्टिनेंट इशु, प्रशासनिक सेवाओं में चयनित सौरभ व आईआईटी से शिक्षा पूर्ण कर वर्तमान में जापान में कार्यरत सचिन को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### पीएम श्री विद्यालय में किया प्रतियोगिता का आयोजन



**,बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वीर शहीद गुलाब सिंह जी पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रचलित कौन बनेगा करोड़पति कार्यक्रम की तर्ज पर कौन बनेगी पीएम श्री नंबर वन बालिका क्विज कॉस्टेट "प्रतिभा बोलती है" कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम में प्रवक्ता कैलाश द्वारा पूरी योजनाबद्ध तरीके से व्यवस्थित किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रूपए में कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी एवं विद्यालय प्राचार्य आनंद शर्मा, प्राचार्या संतोष भाकर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रवक्ता डॉ. नवीन परमहंस, एबीआरसी राज कुमारी ने शिरकत की। आयोजित प्रतियोगिता में तीन-तीन छात्राओं के पांच ग्रुप बनाए गए जिसमें 11वीं व 12वीं कक्षा की 15 छात्राओं ने हिस्सा लिया व दो छात्राओं ने अटेंडेंट की भूमिका अदा की। प्रतियोगिता में प्रवक्ता कैलाश द्वारा हरियाणा प्रदेश व अन्य से संबंधित प्रश्न पूछे और चंद सैकिंड का समय दिया जिसमें छात्राओं ने अपने हुनर की प्रतिभा दर्शाते हुए तपाक से प्रश्नों के उतर दिए।

*ग्रास रूट्स पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम*

# अभिभावकों ने बाल परामर्श कार्यशाला में साझा किए विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा



बवानी खेड़ा के ग्रास रूट्स पब्लिक स्कूल में बाल परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन विद्यालय निदेशक वीना रानी भ्याणा के नेतृत्व में आयोजित हुआ। जिसमें विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की माताओं को निमंत्रण देकर आमंत्रित किया गया। विद्यार्थियों की माताओं ने विद्यालय निदेशक व शिक्षकों को विद्यालय शिक्षा के कुछ तरीकों को और बेहतर बनाने के सुझाव दिए तो वहीं विद्यालय निदेशक वीना रानी भ्याणा व स्टाफ ने भी मातृशक्ति को बताया कि उनके बच्चों को बहुत काबिलियत है लेकिन उनके सहयोग के बिना वे भी उच्च स्तर पर पहुंचने में असहज महसूस करते हैं। इसलिए विद्यालय में बच्चे का भेजने उसके खान-पान, शिक्षा में सहयोग सहित अन्य गतिविधियों के बारे में उन्होंने मोटिवेट किया। सभी ने इस हटकर कार्यशाला के आयोजन पर विद्यालय प्रबंधन समिति के कार्य की जमकर सराहना की।

**संकल्प**

### नकली दवाओं का लेबल व रैपर देखकर अंदाजा लगाया जा सकता: अतिथि

*कार्यक्रम के आयोजन में सर्वोदय अस्पताल हिसार की भूमिका अहम रही*

# दवा विक्रेताओं ने नशीली दवाएं और गर्भपात किट नहीं बेचने की ली शपथ

- रेवाड़ी के जिला औषधि नियंत्रण अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



कृष्णा कॉलोनी स्थित आर्य सदन में भिवानी दवा विक्रेता संघ की वार्षिक बैठक हुई। इस अवसर पर दवा विक्रेताओं की समस्याओं पर गहन विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में सर्वोदय अस्पताल हिसार की भूमिका अहम रही। उपस्थित दवा विक्रेताओं ने नशीली दवाएं व गर्भपात के लिए प्रयोग में आने वाली किट को भी नहीं बेचने की शपथ ली। नशा व एमटीपी किट बेचना कानूनी रूप से गलत है। अंचल मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के निदेशक डॉ. विनोद अंचल ने दवा विक्रेताओं के संकल्प की सराहना की और उन्हें सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

रेवाड़ी के जिला औषधि नियंत्रण अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि दवा विक्रेताओं को समय-समय पर ऐतिहात बरतने के लिए मार्गदर्शन किया जाता है, क्योंकि नियमों के अनुसार जब काम चलेगा तो उनके व दुकानदार के लिए परेशानी नहीं बनेगी। नकली दवाओं के बारे में पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने कहा कि नकली दवाओं का पहली नजर में लेबल व रैपर देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है।

वास्तविकता नमूने की जांच होने पर ही पता लग पाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में औषधि नियंत्रण विभाग ने एमटीपी व नशीली दवाओं के खिलाफ युद्ध स्तर पर मुहिम शुरू कर रखी है। इसमें जो भी दवा विक्रेता दोषी पाया जाता है, उसके खिलाफ नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाती है। दवा विक्रेता संघ के महासचिव अशोक गोयल ने कहा कि भिवानी जिले में कोई भी दवा विक्रेता नशीली दवा या एमटीपी किट नहीं बेचता। भिवानी के सभी दवा दुकानदार ईमानदारी से काम करते हैं और औषधि नियंत्रण विभाग को सकारात्मक सहयोग करते हैं। संघ के अध्यक्ष संजय कनोड़िया ने दावा किया कि किसी भी दवा विक्रेता या ग्राहक की समस्या का समाधान करने के लिए उनका संगठन प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करता है।

**सूचना**

मैं, औमप्रकाश पुत्र श्री मथुरा प्रसाद निवासी ग्राम झगडोली तहसील व जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र ललीत कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

